| Roll No. | | | | | | | | | | | | Serial No. of Q. C. A. B. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 54 ]
Total No. of Questions : 54 ]

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 24
[ Total No. of Printed Pages : 24

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H** **ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ**

**Code No. : 61-H** **Subject : Third Language — HINDI**

ದಿನಾಂಕ : 08. 04. 2011 ] [ Date : 08. 04. 2011

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-15 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-15 P.M.

ಪರಮಾವಧಿ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

**FOR OFFICE USE ONLY**

| Q. No. | Marks | | Q. No. | Marks | | Q. No. | Marks | | Q. No. | Marks | | Q. No. | Marks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | 14. | | | 27. | | | 40. | | | 53. | |
| 2. | | | 15. | | | 28. | | | 41. | | | 54. | |
| 3. | | | 16. | | | 29. | | | 42. | | | × | |
| 4. | | | 17. | | | 30. | | | 43. | | | × | |
| 5. | | | 18. | | | 31. | | | 44. | | | × | |
| 6. | | | 19. | | | 32. | | | 45. | | | × | |
| 7. | | | 20. | | | 33. | | | 46. | | | × | |
| 8. | | | 21. | | | 34. | | | 47. | | | × | |
| 9. | | | 22. | | | 35. | | | 48. | | | × | |
| 10. | | | 23. | | | 36. | | | 49. | | | × | |
| 11. | | | 24. | | | 37. | | | 50. | | | × | |
| 12. | | | 25. | | | 38. | | | 51. | | | × | |
| 13. | | | 26. | | | 39. | | | 52. | | | × | |
| ***Total Marks*** | | | | | | | | | | | | | |
| **Total Marks in words** | | | | | | | | | | | **Grand Total** | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. ✓ | | | |
| 2. ✓ | | ✓ | ✓ |
| *Signature of Evaluators* | *Registration No.* | *Signature of the Deputy Chief* | *Signature of the Room Invigilator* |

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :**

i) प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए अलग से आरंभ में 15 मिनट का समय दिया गया है तथा उत्तर लिखने के लिए $2\frac{1}{2}$ घंटे का समय है ।

ii) यह प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका है ।

iii) हर एक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए इस पुस्तिका में जगह दी गयी है । उस जगह में ही उत्तर लिखें ।

iv) इस प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में कुल 54 प्रश्न हैं ।

v) परीक्षार्थी उत्तरों को पेंसिल से न लिखें । ऐसा करने पर उन उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ।

vi) दिये गये विकल्प, रिक्त स्थानों की पूर्ति तथा जोड़कर लिखिए जैसे उत्तरों को काट-छाँट करना, दोबारा लिखना एवं चिह्न लगाना मना है । ऐसा करने पर उन उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा ।

I. निम्नलिखित प्रश्न क्रमांक **1** से **15** के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें एकमात्र सही उत्तर है । सही उत्तर चुनकर प्रश्न के नीचे दिए गए रिक्त स्थान में उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : $15 \times 1 = 15$

1) अब्दुल कलाम के अनुसार छात्रों के लिए आदर्श मार्गदर्शक कौन थे ?

(A) अयादुरै सोलोमन (B) रामकृष्ण अय्यर

(C) टी० एन्० सेक्यूरिया (D) फादर कलाथिल ।

उत्तर : ____________________

2) श्रीमती के नये नौकर का नाम क्या था ?

(A) रमेश (B) गणेश

(C) महेश (D) हेतू ।

उत्तर : ____________________

3) पेड़ ..................... फल गिरता है । यहाँ सही विभक्ति प्रत्यय है

(A) की (B) को

(C) से (D) के लिए ।

उत्तर : ____________________

4) ''कक्षा'' शब्द का बहुवचन रूप है

(A) कक्षाओं (B) कक्षा

(C) कक्षाएँ (D) कक्षाओं में ।

उत्तर : ______________________________

5) ''पढ़ना'' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक रूप है

(A) पढ़नी (B) पढ़ाना

(C) पढ़वाना (D) पढ़ा ।

उत्तर : ______________________________

6) ''राजा'' शब्द का अन्य लिंग रूप है

(A) रानी (B) प्रजा

(C) राजी (D) राणी ।

उत्तर : ______________________________

7) ''प्रहरी'' शब्द का समानार्थक रूप है

(A) प्रहार (B) भक्षक

(C) रक्षक (D) हरी ।

उत्तर : ______________________________

8) ''विजय'' शब्द का विलोमार्थक रूप है

(A) पराजय (B) जय

(C) जय हो (D) हारना ।

उत्तर : ______________________________

9) ''नरेंद्र'' — यह संधि है

(A) दीर्घ (B) वृद्धि

(C) गुण (D) यण् ।

उत्तर : ____________________

10) ''घाट घाट का पानी पीना'' — इस मुहावरे का अर्थ है

(A) बहुत अनुभव पाना (B) बहुत अनुभव खोना

(C) घाट में जाना (D) घाट से पानी पीना ।

उत्तर : ____________________

11) ''पत्नी'' शब्द का अन्य लिंग रूप है

(A) बीबी (B) पति

(C) पती (D) देव ।

उत्तर : ____________________

12) लक्ष्मीबाई के अनुसार वीर सैनिक किसकी चट्टान की तरह होते हैं ?

(A) फौलाद (B) पत्थर

(C) सोना (D) शिला ।

उत्तर : ____________________

13) चित्रकूट में .............................. नाच-नाच गाते हैं ।

(A) मोर (B) शुक

(C) चिड़िया (D) भालू ।

उत्तर : ____________________

14) सूखे पीले पत्ते ........................... थे ।

(A) निर्जीव (B) सजीव

(C) जीवित (D) अधमरे ।

उत्तर : ____________________

15) सुरेश के पिताजी समझाते हैं ................................ खोटा आदमी संसार में निरुपयोगी है ।

(A) का (B) कि

(C) की (D) के ।

उत्तर : ____________________

II. निम्नलिखित रिक्त स्थानों में उचित शब्द भरिए : 5 × 1 = 5

16) सुनो, हम में भी ........................... है ।

उत्तर : ____________________

17) बेलूर की भूमि ........................... के समान है ।

उत्तर : ____________________

18) अब्दुल कलाम को ......................... मैन कहा जाता है ।

उत्तर : ____________________

19) खोटा सिक्का समाज में ........................... नहीं होता ।

उत्तर : ____________________

20) स्काउट लोगों के .................... नियम भी बनाए गए ।

उत्तर : ____________________

III. 21) **स्तम्भ 'अ'** के वाक्यांशों के साथ **स्तम्भ 'ब'** के सही वाक्यांशों से जोड़कर **स्तम्भ 'क'** में लिखिए : 5 × 1 = 5

| **स्तम्भ 'अ** | **स्तम्भ 'ब'** |
|---|---|
| अ) सारा पर्यावरण | i) पैसा नहीं था । |
| आ) मुझे गुब्बारा लेना था | ii) उदास रही । |
| इ) स्कूल में कम्प्यूटर शिक्षा | iii) चूल्हा रोया । |
| ई) चक्की | iv) विषाक्त हो गया है । |
| उ) जीभ | v) क्लास योजना है । |
| | vi) पगली है । |
| | vii) होशियार । |

**स्तम्भ 'क'**

उत्तर :

अ) ____________________

आ) ____________________

इ) ____________________

ई) ____________________

उ) ____________________

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक-एक** वाक्य में लिखिए : 8 × 1 = 8

22) 'देवफल' किस पेड़ को कहते हैं ?

उत्तर : ____________________

____________________

23) सुरेश को उसके पिताजी ने कहाँ भेजा ?

उत्तर : ____________________

____________________

24) कवि कहाँ जन्म लेने की इच्छा करता है ?

उत्तर : ____________________

____________________

25) विद्या रूपी धन कैसे प्राप्त किया जा सकता है ?

उत्तर : ______________________________

______________________________

26) अब्दुल कलाम ने बचपन में क्या निश्चय किया था ?

उत्तर : ______________________________

______________________________

27) रानी लक्ष्मीबाई का लक्ष्य क्या है ?

उत्तर : ______________________________

______________________________

28) पिछलग्गूपन का अर्थ क्या है ?

उत्तर : ______________________________

______________________________

29) अकाल के बाद जब घर में अन्न आया तो आनंद छा गया ।— यह कविता की किस पंक्ति से मालूम होता है ?

उत्तर : ______________________________

______________________________

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो-तीन** वाक्यों में लिखिए : $13 \times 2 = 26$

30) डॉ० साराभाई ने किन-किन संस्थाओं की स्थापना की ?

उत्तर : ______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

31) स्काउट शिक्षा में कौन-कौन से काम सिखाये जाते हैं ?

उत्तर : ______________________________

32) कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी के लिए बुनियादी चीजें कौन-कौन सी हैं ?

उत्तर : ______________________________

33) नए ग्रह में कवि किन बातों की अपेक्षा करता है और क्यों ?

उत्तर : ______________________________

34) कवि ने किन-किन का नमन किया है ?

उत्तर : ____________________

35) शिक्षक अयादुरै सोलोमन का स्वभाव कैसा था ?

उत्तर : ____________________

36) श्रीमान के मित्र और संबंधी उपहार लेकर क्यों आने लगे थे ?

उत्तर : ____________________

37) स्वराज्य की नींव के पत्थर कौन–कौन बने ?

उत्तर : ______________________________

38) स्काउट शिक्षा में किस बात की शपथ ली जाती है ?

उत्तर : ______________________________

39) कम्प्यूटर विवाह संबंधों को किस प्रकार जोड़ता है ?

उत्तर : ______________________________

40) 'अबके' कविता में कवि आरंभ में भगवान से क्या प्रार्थना करता है ?

उत्तर : ______

41) सूखे पीले पत्ते कहाँ गिर पड़े थे और उनकी दशा क्या थी ?

उत्तर : ______

42) 'अकाल' का परिचय कविता के आधार पर दीजिए ।

उत्तर : ______

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **तीन-चार** वाक्यों में लिखिए : 5 × 3 = 15

43) पीपल वृक्ष क्यों वंदनीय है ?

उत्तर : ______

44) विक्रम की पढ़ाई के बारे में आप क्या जानते हैं ? बताइए ।

उत्तर : ______

45) ''खोटा सिक्का'' पाठ से क्या शिक्षा मिलती है ?

उत्तर : ______________________________

46) अकाल के बाद का चित्रण कीजिए ।

उत्तर : ______________________________

47) तुलसीदास जी ने अपने दोहे में मीठे वचन के बारे में क्या कहा है ?

उत्तर : ______________________________

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **चार** से **छः** वाक्यों में लिखिए : $2 \times 4 = 8$

48) मुहर्रम के जुलूस का वर्णन कीजिए ।

उत्तर : ______________________________

49) निम्नोक्त पद्य भाग की पूर्ति कीजिए :

नहलाती है ........................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

.................................................................... उच्च-उदार ॥

**अथवा**

तुलसी मीठे ........................................................................

.................................................................... वचन कठोर ॥

तुलसी तरू ........................................................................

.................................................................... समय सुभाय ॥

उत्तर : ______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

VIII. 50) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4 × 1 = 4

गांधी जी के पास एक खिलौना था । उसमें तीन बंदर थे । एक बार किसी ने इस खिलौने के बारे में पूछा, तो वे बोले —

''ये तीनों मेरे गुरु हैं ।''

साथ ही उन्होंने यह भी बतलाया कि इन्हें कोई चीनी लाया था या जापानी, यह मुझे ठीक याद नहीं पड़ता । पर जहाँ तक मुझे याद है, कोई चीनी ही सेवाग्राम में महादेव भाई को यह दे गया था । चीनी की पुरानी संस्कृति में आज भी अनेकानेक सुंदर और उपयोगी वस्तुएँ जिंदा हैं, उन्हीं में से यह एक नमूना है ।

अ) गाँधी जी के पास कौन-सा खिलौना था ?

उत्तर : ______________________________

______________________________

आ) खिलौना गांधी जी के लिए क्या था ?

उत्तर : ______________________________

______________________________

इ) उपयोगी वस्तुएँ किस संस्कृति में जिंदा हैं ?

उत्तर : ______________________________

______________________________

ई) खिलौना कौन लाया था ?

उत्तर : ______________________________

______________________________

IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए : $2 \times 2 = 4$

51) मेरे एक शिक्षक अयादुरै सोलोमन छात्रों के लिए आदर्श मार्गदर्शक थे ।

उत्तर : ______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

52) कमल और निर्मला भाई-बहन हैं । निर्मला कमल को सताती है ।

उत्तर : ______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

53) बहन की शादी में भाग लेने के लिए तीन दिन की छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधानाध्यापक जी को पत्र लिखिए । 5

**अथवा**

यात्रा के लिए रु० 800.00 माँगते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए ।

उत्तर : ____________________

X. 54) निम्नलिखित किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए : $1 \times 5 = 5$

अ) राष्ट्रभाषा हिन्दी

आ) कम्प्यूटर

इ) खेल का महत्व ।

उत्तर : ____________________